Title: Need for early construction of an overbridge on railway crossing at Bindki District

15.53 hrs.

MATTERS UNDER RULE 377

डा अशोक पटेल (फतेहपुर) : सभापति महोदय, कानपुर बांदा रोड और मुगल रोड जो इटावा होकर फतेहपुर जाती है, वहां अक्सर बहुत भीड़-भाड़ रहती है। भीड़-भाड़ का मुख्य कारण रेलवे फाटक का बंद रहना है। इस मार्ग से अनेक रेलगाड़ियां गुजरती हैं जिससे फाटक घंटों बंद रहता है। फाटक के इतने अधिक समय तक बंद रहने के कारण जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। लोगों को फाटक खुलने का घंटों इंतजार करना पड़ता है। फाटक के बंद रहने के कारण लोग इधर-उधर से रेल लाइन पार करने की कोशिश करते हैं जिससे अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं। अतः बिंदकी रोड रेलवे क्रासिंग पर ऊपरी पुल की नितान्त आवश्यकता है। ऊपरी पुल के निर्माण से जहां एक ओर यातायात अवरुद्ध नहीं होगा वहीं दूसरी ओर दुर्घटनाओं की सम्भावना नहीं रहेगी।

अतः अनुरोध है कि बिंदकी रोड रेलवे क्रासिंग पर शीघ्र ही ऊपरी पुल का निर्माण किया जाए ताकि जनता को भारी कठिनाइयों से छुटकारा मिल सके।